# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026
'A' Grade NAAC Accredited
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629


चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एचआईवी/एड्स के प्रति किया जागरुक

पुंडरी, 14 सितंबर। चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर पुंडरी में रेड रिबन क्लब द्वारा यूथ एजुकेशन सोसाइटी, जींद के सहयोग से विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डॉ. शकुंतला के मार्गदर्शन में तथा रेड रिबन क्लब की कन्वीनर श्रीमती किरण जोत के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह ने कहा कि युवाओं को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरुक करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सही जानकारी के माध्यम से समाज में फैली भ्रांतियों और भेदभाव को दूर किया जा सकता है।प्राचार्या डॉ. शकुंतला ने कहा कि विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स से संबंधित सही एवं वैज्ञानिक जानकारी देकर उन्हें जागरुक और जिम्मेदार नागरिक बनाना आवश्यक है!

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने एचआईवी/एड्स के कारणों, बचाव के उपायों तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों के बारे में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। कलाकारों ने प्रभावशाली संवाद, अभिनय एवं लोक शैली के माध्यम से संदेश दिया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए तथा सही जानकारी और जागरुकता ही इससे बचाव का प्रभावी माध्यम है।

यूथ एजुकेशन सोसाइटी, जींद की ओर से श्री रमेश कुमार, श्रीमती किरण गिल, श्री ओम प्रकाश एवं श्री रामफल ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल की ओर से श्री अनूप, श्रीमती आरती, श्री दिनेश, श्री राहुल मिगलानी एवं श्री सोहन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती सुशीला गर्ग, डॉ. प्रेम लता, श्रीमती सुनीति, श्रीमती सोनिया, सुश्री आयुषी, सुश्री वैशाली एवं सुश्री सपना का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एचआईवी/एड्स के प्रति स्वयं जागरुक रहने तथा समाज में जागरुकता फैलाने का संकल्प लिया।

# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026

'A' Grade NAAC Accredited

(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)

Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629







# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026
'A' Grade NAAC Accredited
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629






# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026

'A' Grade NAAC Accredited

(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)

Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629






# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026

'A' Grade NAAC Accredited

(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)

Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629

